झारखंड के 2 व्यक्तियों को मिला 2020 का पद्म पुरस्कार

drishtiias.com/hindi/printpdf/2-persons-from-jharkhand-received-padma-awards-for-2020

चर्चा में क्यों?

8 नवंबर, 2021 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के द्वारा वर्ष 2020 के लिये पद्म पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्रमुख बिंदु

- झारखंड के 'गुरु शशाधर आचार्य' को 'कला' के क्षेत्र में उनके योगदान के लिये पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया गया।
- श्री मधु मंसुरी हसमुख को भी कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिये 2020 का पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया गया।
- वर्ष 2020 के लिये 141 पद्म पुरस्कार प्रदान किये गए जिनमें पद्म विभूषण (07), पद्म भूषण (16) एवं पद्म श्री (118) शामिल हैं।
- विदित हो कि कोविड-19 के संक्रमण के कारण यह पुरस्कार अबतक प्रदान नहीं किया जा सका था।